# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज

# बिजनौर–(उ0प्र0)

## प्रशासकीय परिषद की सप्तम् बैठक का

## कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| ➢ बैठक संख्या | सप्तम् |
| ➢ दिनांक | 16 फरवरी, 2020 |
| ➢ समय | 12:00 बजे (अपराह्न) |
| ➢ स्थान | ए0के0टी0यू0 नोएडा कैम्पस,<br>सी 22, सी ब्लाक, फेस–2, औद्योगिक क्षेत्र,<br>सेक्टर–62, नोएडा –201301 |



Scanned with CamScanner

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की सप्तम् बैठक दिनांक 16.02.2020 अपराह्न 12:00 बजे, मा0 अध्यक्ष महोदय, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीयिरिंग कालेज, बिजनौर की अध्यक्षता में ए0के0टी0यू0, नोएडा कैम्पस, सेक्टर–62, नोएडा के सभागार में सम्पन्न हुई।

प्रशासकीय परिषद की पंचम बैठक में उपस्थित मा0 अध्यक्ष महोदय, एवं समस्त सम्मानित सदस्यगण –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री कुलदीप जैन,<br>माननीय अध्यक्ष महोदय,<br>प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,<br>बिजनौर। | अध्यक्ष |
| 2 | श्री सलिल शर्मा जी<br>प्रधानाचार्य,<br>राजकीय पॉलीटेक्निक, बिजनौर। | सदस्य(नामित<br>निदेशक, प्रा.शि.नि.) |
| 3 | डा. यू.पी. सिंह,<br>रसायन विभाग,<br>आई.आई.टी, रूड़की। | सदस्य (नामित,<br>निदेशक, आई.आई.<br>टी.,रूड़की) |
| 4 | प्रो. अजय सिंह जेठू,<br>सिविल इंजीनियरिंग विभाग,<br>एम.एन.आई.टी,<br>जयपुर। | सदस्य (ए.आई.सी.<br>टी.ई नामित) |
| 5 | प्रो0 के0 एस0 वर्मा,<br>इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग,<br>के0एन0आई0टी0,<br>सुल्तानपुर। | सदस्य |
| 6 | प्रो0 एस0 पी0 पाण्डेय,<br>निदेशक,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,<br>आजमगढ़। | सदस्य |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 7 | प्रो0 वी0के0 गांधी,<br>मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग,<br>आई0आई0टी0,<br>रूड़की। | सदस्य |
| 8 | डा. रवि शंकर,<br>एच.आर.आई.टी. ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट,<br>गाजियाबाद। | सदस्य (उद्यमी नामित) |
| 9 | प्रो0 बी0के0त्रिपाठी<br>निदेशक,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,<br>बिजनौर। | सदस्य सचिव |

**<u>अपिहार्यकारणवश निम्न मा0 सदस्यगण उपस्थित नही हुये–</u>**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | माननीय प्रमुख सचिव महोदया,<br>प्राविधिक शिक्षा,<br>उत्तर प्रदेश, शासन,<br>लखनऊ। | उपाध्यक्ष |
| 2 | माननीय कुलपति जी,<br>ए0के0टी0यू0, लखनऊ,<br>उत्तर प्रदेश। | सदस्य |
| 3 | प्रमुख सचिव महोदय,<br>वित्त विभाग,<br>उत्तर प्रदेश, शासन,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 4 | डा0 डी0बी0 शाक्यवार जी,<br>प्रधान वैज्ञानिक,<br>आई0सी0ए0आर–सी0एस0डब्लू0आर0आई0,<br>अविकानगर, जयपुर। | सदस्य |
| 5 | निदेशक,<br>आई0आई0टी,<br>कानपुर। | सदस्य |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| **6** | श्री राकेश कुमार,<br>अधीक्षण अभियन्ता,<br>उत्तर प्रदेश इरीगेशन विभाग,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| **7** | प्रो0 नवीन गर्ग,<br>कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग,<br>आई0आई0टी0,<br>दिल्ली। | सदस्य |

**कार्यवाहीः**

प्रशासकीय परिषद की यह बैठक माननीय अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद के निर्देश पर आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने माननीय अध्यक्ष महोदय एवं प्रशासकीय परिषद के सम्मानित सदस्यों का स्वागत करने के उपरान्त कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय से अनुमति प्राप्त की एवं तत्पश्चात् एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।



Scanned with CamScanner

**07.01 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की षष्ठम् बैठक बाई र्सकुलेशन के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

संस्थान की षष्ठ्म बैठक बाई र्सकुलेशन के अनुमोदित कार्यवृत्त परिषद द्वारा सम्यकविचारोपरान्त पुष्टि की गई।

**07.02 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की षष्ठम् बैठक बाई र्सकुलेशन में निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

संस्थान की षष्ठ्म बैठक बाई र्सकुलेशन में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से परिषद को अवगत कराया गया। तथा कृत कार्यवाही पर माननीय परिषद के सभी मा0 सदस्यों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

**07.03 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 28.05.2019 को सम्पन्न पंचम बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद की दिनांक 28.05.2019 को सम्पन्न पंचम बैठक के अनुमोदित कार्यवृत्त पर मा0 परिषद द्वारा सम्यकविचारोपरान्त पुष्टि की गई।

**07.04 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 28.05.2019 को सम्पन्न पंचम बैठक में निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद की दिनांक 28.05.2019 को सम्पन्न पंचम बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। परिषद के मा0 सदस्यों द्वारा पंचम बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से संतोष व्यक्त किया गया।

**07.05 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 28.05.2019 को सम्पन्न पंचम बैठक के बाद संस्थान में हुये विकास कार्यो एवं अन्य शैक्षिक क्रिया–कलापों से परिषद को अवगत कराना।**

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 28.05.2019 को सम्पन्न पंचम बैठक के बाद संस्थान में हुये शैक्षिक क्रिया–कलापों, परीक्षा फल, अकादमी समिति की बैठक, सेवायोजन की स्थिति, स्टार्ट–अप एवं एनोवेशन सेल के कार्यो, प्रवेश की स्थिति से परिषद अवगत हुई। इसके अतिरिक्त संस्थान में दिनांक 27.09.2019 को केन्द्रीय क्रय समिति की बैठक एवं उसके कार्यवृत्त और दिनांक 05.02.2020 को सम्पन्न भवन एवं कार्य समिति की बैठक व उसके कार्यवृत्त से अवगत होते हुये मा0 परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। बिन्दु संख्या 07.05.09 में संस्थान के मुख्य भवन एवं छात्रावास मेस में कराये जा चुके मेन्टीनेन्श कार्य एवं चल रहे विभिन्न



Scanned with CamScanner

निर्माण कार्यो पर संतोष व्यक्त किया। संस्थान व छात्रावास के अन्य मेन्टीनेन्श हेतु भवन एवं कार्य समिति द्वारा अनुमोदित कार्यो को पूर्व वर्षो की बचत से कराये जा रहे, पर अनुमति प्रदान की।

**07.06 संस्थान में संचालित परियोजना टेक्विप–तृतीय से संचालित गतिविधियों की सूचना एवं अनुमोदन।**

TEQIP-III परियोजना का सकुशल संचालन राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बिजनौर में चल रहा है जिसके अन्तर्गत दिनांक 29.05.2019 से 10.02.2020 तक हुई विभिन्न गतिविधियों **(त्रैमासिक एक्शन प्लान जनवरी से मार्च 2020, प्रोक्योरमेन्ट में रू 190.44 लाख व्यय, एकेडमिक एवं फैकल्टी मद में रू0 55.75 लाख व्यय, आपरेटिंग कास्ट एवं सैलरी मद में रू0 17.57 लाख व्यय, आन्तरिक आवर्जेशन एवं कम्पलाइन्स तथा इक्वीटी प्लान)** से परिषद अवगत होते हुए कार्यो एवं गतिविधियों पर संतोष व्यक्त किया। उपरोक्त सभी में कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की करते हुए प्रस्तावों पर अनुमोदन प्रदान किया।

**07.07 संस्थान के सूचना प्रौधोगिकि विभाग के विजन एवं मिशन का अनुमोदन।**

संस्थान के सूचना प्रौधोगिकी विभाग के विजन एवं मिशन परिषद से अवगत होते हुए औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

**07.08 संस्थान में एन.बी.ए हेतु एस.ए.आर. अपलोड करने की सूचना।**

संस्थान में संचालित परियोजना टेक्विप तृतीय द्वारा निर्धारित DLI को प्राप्त करने के क्रम में 50 प्रतिशत पाठ्यक्रमों के एक्रीडिटेशन हेतु एस.ए.आर. अपलोड करने के लक्ष्य के प्रति संस्थान ने 66 प्रतिशत पाठ्यक्रमों के एक्रीडिटेशन हेतु एस.ए.आर. अपलोड होने से परिषद अवगत हुयी तथा संतोष व्यक्त किया।

**07.09 डी0डी0यू0–क्यू0आई0पी0 योजना में होने वाले कार्यो की सूचना एवं अनुमोदन।**

ए.के.टी.यू.,लखनऊ में दिनांक 14.06.2019 को सम्पन्न बैठक में सक्षम स्तर (डीडीयू–क्यूआईपी समिति, एकेटीयू, लखनऊ) से पूर्व में स्वीकृत गतिविधियों/कार्यो में परिर्वतन करने से परिषद अवगत हुयी। डीडीयू–क्यूआईपी समिति, एकेटीयू, लखनऊ द्वारा अनुमोदित, दिनांक 14.06.2019 के कार्यवृत्त पर मा0 परिषद द्वारा सम्यकविचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया।

**07.10 संस्थान में दो शिक्षकों द्वारा इस्तीफा देने की सूचना व औपचारिक अनुमोदन।**

संस्थान में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के दो शिक्षक मोहम्मद हारून तथा श्री रोहित ढ़ाका का अन्यत्र स्थान पर नियुक्ति होने के कारण संस्थान से त्याग पत्र देने से परिषद अवगत होते हुए अनुमोदन प्रदान किया।



Scanned with CamScanner

**07.11 संस्थान में संकाय सदस्यों एवं निदेशकों को सप्तम वेतनमान के एरियर का भुगतान करने पर अनुमोदन।**

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1 के पत्र सं. 281 (8)/सोलह–1–2020–14 (20)/2010 दि. 30 जनवरी, 2020 के क्रम में एवं उ0प्र0 शासन सं. 67/2016/वे0आ0–2–1447/दस–04 (एस)/2016 दिनांक 26.12.2016 के तहत सातवें वेतन आयोग की संस्तुतीयों के आधार पर पुनरीक्षित वेतनमान का एरियर उनके जी0पी0एफ0/पी0पी0एफ/एन0एस0सी0 में भुगतान हेतु सभी शिक्षकों, वर्तमान निदेशक एवं पूर्व निदेशक द्वारा प्रस्तुत वचनबंधों (सप्तम वेतन/एरियर हेतुः त्रुटिपूर्ण वेतन निर्धारण/एरियर जिसका पता बाद में लगे, कि स्थिति में इस प्रकार किया गया कोई अधिक भुगतान या तो उनके बकाया भावी भुगतानों में समायोजित करके या फिर अन्य रीति से सरकार को वापस किया जाएगा।) से परिषद अवगत हुयी। तथा उक्त वचनबंध के क्रम में सभी शिक्षकों, वर्तमान निदेशक एवं पूर्व निदेशक के एरियर का भुगतान किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

**07.12 शिक्षकों की सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत डी.डी के तीन माह के अन्दर बैंको से क्लीयर न कराने के सम्बन्ध में।**

प्रो. अभय कुमार वर्मा दि 16.01.15 से 15.01.2018 तक आर.ई.सी. बिजनौर के निदेशक रहें। वर्तमान निदेशक (प्रो बी.के. त्रिपाठी) दि 28.01.2018 को निदेशक हुयें। वर्तमान निदेशक के समक्ष दिनांक 17.02.2018 को एक पत्रावली प्रस्तुत की गयी जिसमें निम्न तथ्य उभर कर सामने आये।

1. संस्थान में शिक्षकों के चयन हेतु प्रथम विज्ञापन {01/Advt./REC/2016, 27.10.2016 अन्तिम तिथि 26.11.2016} के सापेक्ष प्राप्त अभ्यर्थियों के डी.डी. अधिकतम समय सीमा 26.02.2017 तक क्लीयर कराकर संस्थान के खाते में जमा किया जाना था। परन्तु डी.डी क्लीयर करने हेतु दिनांक 28.02.2017 का पत्र दि. 01.03.2017 को बैंक को प्राप्त कराया।
2. संस्थान में शिक्षकों के चयन हेतु द्वितीय विज्ञापन {2/Advt./REC/2017, 06.05.17 अन्तिम तिथि 07.06.2017} के सापेक्ष प्राप्त अभ्यर्थियों के डी.डी. अधिकतम समय सीमा 07.09.2017 तक संस्थान के खाते में जमा किया जाना था। परन्तु इन्हे भी समय से क्लीयर नही कराया गया। तत्कालीन निदेशक प्रो. वर्मा द्वारा अपने कार्यकाल समाप्त होने से कुछ समय पूर्व दि. 04.01.2018 को अलग–अलग बैंको को आउट आफ डेट हो चुके डी.डी. भेजे।
3. दोनो विज्ञापन के डी.डी. को समय पर संस्थान के खाते में जमा न कराने को तत्कालीन वित्त एवं लेखाधिकारी ने, दि. 12.10.2017 की टिप्पणी में, एक गम्भीर वित्तीय अनियमितता बताया।

उपरोक्त तथ्यों के क्रम में वर्तमान निदेशक द्वारा वित्तीय हानि के लिये कार्यवाही करने, प्रकरण को आगामी वित्त समिति (वर्ष 2018) में रखने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त कुलसचिव को आउट आफ डेट हो चुके डी.डी (विभिन्न बैंको से लौट रहे डी.डी.) को रिवैलिडेट कराकर संस्थान खाते में



Scanned with CamScanner

जमा कराने के निर्देश दिये, जिससे कि संस्थान को हुयी वित्तीय हानि को कम किया जा सके। अध्यक्ष, वित्त समिति ने दि. 20.07.2018 में प्रकरण को प्रशासकीय परिषद में रखने व सम्बन्धित दोषी का निर्धारण करने के निर्देश दिये।

प्रकरण को चतुर्थ प्रशासकीय परिषद की बैठक में प्रस्तुत किया गया जिसमें परिषद ने अवगत होते हुये प्रकरण की जाँच हेतु तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। परिषद की पंचम बैठक में समिति की जाँच रिपोर्ट से अवगत होते हुये रिकाउन्सलेशन रिपोर्ट को अगली प्रशासकीय परिषद की बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

उपरोक्त के अतिरिक्त, परिषद द्वारा गठित समिति की दि. 27.05.2019 तथा दि. 27.9.2019 की जाँच रिपोर्ट, कुलसचिव की दि. 27.04.2019, 25.05.2019, 26.09.2019 एवं 13.02.2020 की रिपोर्ट, कुलसचिव द्वारा दि. 13.02.2020 को प्रस्तुत रिकाउन्सलेशन रिपोर्ट से परिषद की सप्तम् बैठक में अवगत कराया गया। परिषद ने पाया कि तत्कालीन वित्त एवं लेखाधिकारी का विज्ञापन के भुगतान के चेक पर हस्ताक्षर करने से पूर्व तथ्यों से अवगत होना आवश्यक था। परिषद सभी उपरोक्त से अवगत होते हुये, सम्यकविचारोपरान्त निर्देश दिये कि शासन स्तर की तीन सदस्यीय समिति (प्रशासनिक अधिकारी, वित्त नियंत्रक, शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक) से प्रकरण की जाँच कराकर संस्तुति प्राप्त की जाये। तथा प्रकरण को तब प्रशासकीय परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।

पूर्व निदेशक प्रो. वर्मा द्वारा प्रस्तुत वचनबंध के क्रम में एरियर का भुगतान किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

**07.13 श्री नरेश कुमार, कुलसचिव, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर के समायोजन संबंधी प्रकरण को प्रशासकीय परिषद की बैठक में प्रस्तुत करने/सोसाइटी बायलाज में संशोधन किये जाने के संबंध में।**

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1 उ0प्र0शासन के पत्र संख्या 3033/सोलह–1–2019–8 (2)/2016 दि. 23 सितम्बर, 2019 से परिषद अवगत होते हुये सहमति प्रदान की। परिषद द्वारा श्री नरेश कुमार, कुलसचिव, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर का समायोजन शासन के निर्देश के अनुपालन में किया जा रहा है। जिसपर परिषद ने सहमति प्रदान की।

**अन्त में बैठक मा0 अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।**

(प्रो0 बी0के0 त्रिपाठी)
निदेशक एवं
सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर।

(श्री कुलदीप जैन)
अध्यक्ष,
प्रशासकीय परिषद, रा.इ.का., बिजनौर।



Scanned with CamScanner